HAMIRPUR POLICE

थाना कुरारा **दिनाँक-23.03.2024**

उपजिलाधिकारी सदर /क्षेत्राधिकारी सदर के द्वारा थाना कुरारा क्षेत्र अंतर्गत कस्बा कुरारा में पुलिस बल के साथ किया गया एरिया डोमिनेशन

आज दिनांक 23.03.2024 को आगामी लोकसभा चुनाव-2024 को सकुशल संपन्न कराए जाने के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक महोदया जनपद हमीरपुर के निर्देशन में उपजिलाधिकारी सदर, क्षेत्राधिकारी सदर जनपद हमीरपुर के द्वारा थाना कुरारा क्षेत्र अंतर्गत सीएपीएफ व पुलिस बल के साथ कस्बा कुरारा में एरिया डोमिनेशन किया गया। कस्बा कुरारा के आम जनमानस से शांतिपूर्ण व निर्भीक होकर मतदान करने की अपील की गई। किसी भी अराजक तत्व के द्वारा चुनाव को प्रभावित किए जाने पर कठोर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी आम जनता से संवाद कर ऑपरेशन त्रिनेत्र के अंतर्गत अधिक से अधिक कैमरे लगवाने हेतु प्रेरित किया गया।

इसी क्रम में आगामी त्यौहार यथा होली, रमजान व गुड फ्राइडे पर शांतिपूर्ण व सौहार्दपूर्ण मनाए जाने की आम जनमानस से अपील की गई।